## एक नजर में

### ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने चंद्र मोहन शर्मा

**आरोन।** नगर में सर्व ब्राहमण समाज के नव निर्मित संस्कार भवन में महंत ईश्वरदास उर्फ पप्पू महाराज के आशीर्वाद से सनकादिक आश्रम के दीक्षित शिष्य चंद्रमोहन शर्मा को सर्व ब्राह्मण समाज का तहसील अध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष बनने पर सभी समाज बंधुओ ने बधाइयां प्रेषित की है। इसी क्रम में सर्वप्रथम वार्ड नंबर 09 के पार्षद मूल चंद्र बोहरे ने अपने निवास पर सैकड़ो समाज जनों की उपस्थिति में शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंटकर फूलमाला पहनाकर स्वापा बांधकर आत्मीय सम्मान कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन, हीरालाल सोनी, ओमवीर सिंह रघुवंशी, कमरलाल बुनकर, नंद किशोर शर्मा, नरसिंह शर्मा, वृजमोहन शर्मा आदि ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर बधाई देकर शुभकामनाएं दी। 5100 रूपये संस्कार भवन निर्माण कार्य के लिये नगद राशि भेंट की। चंद्रमोहन शर्मा के अध्यक्ष बनते ही सभी वर्गो में खुशी की लहर दोड गई सभी वर्ग के लोग निरन्तर बधाइयां प्रेषित कर रहे है।

### गुना में आज लगेगा रोजगार मेला

**गुना।** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कल, 22 अप्रैल को जिला पंचायत विश्राम गृह में प्रातः 11 बजे से 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में गुजरात और गुड़गांव सहित कई क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी। 8वीं से स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण 18-35 वर्ष के युवा अपने दस्तावेजों के साथ इसमें शामिल हो सकते हैं।

# गुना कलेक्ट्रेट में युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा

## अर्धनग्न हालत में पहुंचा, लूट और पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**गुना 21 अप्रैल का। कलेक्ट्रेट परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक अर्धनग्न अवस्था में न्याय की गुहार लगाने पहुंच गया। युवक का आरोप था कि उसके साथ लूटपाट हुई है और पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। काफी देर तक कलेक्ट्रेट के गेट पर युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई।**



जानकारी के मुताबिक गुना तहसील के ग्राम बरखेड़ागिर्द निवासी खेरू आदिवासी नामक युवक मंगलवार को अर्धनग्न हालत में कलेक्ट्रेट पहुंचा था। युवक ने दावा किया कि उसने पिछले तीन वर्षों में मजदूरी करके 5 लाख रुपये जोड़े थे, जिन्हें टोल टैक्स के पास कुछ लोगों ने लूट लिया। युवक के मुताबिक, आरोपियों ने न केवल उसके पैसे छीने बल्कि उसके कपड़े भी फाड़ दिए और मारपीट कर उसे भगा दिया। उसने बताया कि इन पैसों से उसके भांजे का विवाह संपन्न होना था। युवक का आरोप है कि वह इस घटना की शिकायत लेकर संबंधित पुलिस थाने पहुँचा था, लेकिन वहाँ मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसकी फरियाद सुनने के बजाय आवेदन फाड़कर फेंक दिया। कलेक्ट्रेट में जब उसने भीतर घुसने का प्रयास किया, तो तैनात महिला गार्ड और सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक दिया। हंगामे के दौरान युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षाकर्मियों का दावा है कि युवक अत्यधिक नशे की हालत में था, जिसके कारण उसकी जुबान लड़खड़ा रही थी और वह रह-रहकर रोने लग रहा था। हालांकि, युवक के नशे में होने की आधिकारिक पुष्टि के लिए कोई मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद अधिकारियों ने युवक को शांत कराने का प्रयास किया।

इसके बाद युवक कलेक्ट्रेट से लौट गया। फिलहाल, पुलिस मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए युवक के दावों और उसकी मानसिक स्थिति की जाँच कर रही है।

**अपशब्दों का इस्तेमाल किया**

युवक ने न केवल सुरक्षा गार्ड के साथ अभद्रता की बल्कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया, जिसे सुनकर सब दंग रह गए। युवक की भाषा को देखते हुए लोगों ने उसे हिदायत दी कि वह इस तरह की अव्यवहारिक भाषा का इस्तेमाल न करे, अन्यथा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कहां से आए 5 लाख रुपए

बड़ा सवाल यह है कि युवक जिन 5 लाख रुपयों का दावा कर रहा है वह मजदूरी के जरिए कमाने की बात किसी को हजम नहीं हो रही है। उससे कई बार पूछा गया कि ऐसा कौन सा मालिक था, जिसने मजदूरी के बदले उसे 3 साल तक पैसे नहीं दिए और फिर एक साथ 5 लाख रुपए दे दिए। लेकिन इन सवालों का युवक के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं था। हालांकि दूसरा तथ्य यह भी है कि युवक के नशे में दिखने के बावजूद प्रशासन की ओर से मेडिकल चैकअप नहीं कराया गया।

## गुना में 5 मई से गूंजेगी श्रीराम कथा, 14 मई को संपन्न होंगे सामूहिक विवाह

**गुना।** धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करने वाला एक भव्य आयोजन होने जा रहा है। शिक्षा विभाग के पीछे स्थित सिसौदिया कॉलोनी में आगामी 5 मई से संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ और निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आस्था, सेवा और संस्कार के अद्भुत संगम के रूप में शहरवासियों के लिए आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस पावन महोत्सव में पूज्या साध्वी प्रियंका भारती अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगी। कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, जीवन मूल्यों और भक्ति भाव पर प्रकाश डाला जाएगा, जिससे श्रोताओं को आत्मिक शांति और जीवन को सही दिशा देने का अवसर प्राप्त होगा। आयोजन की शुरूआत 5 मई 2026, मंगलवार को प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा मनकामेश्वर महादेव मंदिर (शिक्षा विभाग परिसर) से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी। इसी दिन दोपहर 1:30 बजे से श्रीराम कथा का विधिवत शुभारंभ होगा, जो निरंतर 13 मई तक जारी रहेगी। कथा विश्राम के अगले दिन, 14 मई 2026 (गुरुवार) को विशाल आयोजन संपन्न होंगे। प्रातः 8 बजे हवन-पूजन के पश्चात 11 बजे से निर्धन कन्याओं के लिए निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस पुण्य कार्य के बाद शाम 4 बजे से विशाल भंडारा और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होगा।

## गणेशखेड़ा ग्राम के खेत में पानी देते समय करंट से युवा किसान की मौत

**गुना। जिले के थाना सिरसी अंतर्गत ग्राम गणेशखेड़ा में सोमवार शाम एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। अपनी मूंग की फसल की सिंचाई कर रहे 23 वर्षीय युवा किसान की बिजली के तार से फैले करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।**



जानकारी सामने आई है कि सोमवार शाम लगभग 4 बजे युवा कृषक अनिल बारेला अपने खेत में मूंग की फसल को पानी दे रहा था। बताया जा रहा है कि खेत की गीली मिट्टी के बीच से बिजली की डोरी गुजर रही थी, जिसमें कहीं कट होने की वजह से पूरी जमीन में करंट फैल गया। काम के दौरान जैसे ही अनिल का संपर्क करंट वाले हिस्से से हुआ, वह बुरी तरह झुलस गया। परिजन और आसपास के लोग तुरंत अनिल को लेकर जिला अस्पताल की ओर भागे, लेकिन करंट इतना तेज था कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक अनिल विवाहित था और उसके दो छोटे बच्चे हैं। इस असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। सिरसी थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। खेत में बिछी बिजली की डोरियों के रखरखाव में लापरवाही इस हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

## म्याना में पाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**गुना। जिले के म्याना कस्बे में अक्षय तृतीया पर पाल समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के 9 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार हिंदू रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने नवविवाहित वधुओं के पैर पूजकर उन्हें उपहार भेंट किए और सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूरा वातावरण हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द से सराबोर नजर आया। सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित थाना प्रभारी म्याना ने नवदंपत्तियों और उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने जोर देकर कहा, हेलमेट लगाएं और स्वयं के साथ अपने परिवार को भी सुरक्षित रखें। बेहतर कानून और सुरक्षा व्यवस्था के लिए पाल समाज के अध्यक्ष पहलवान सिंह पाल, निहाल सिंह पाल, उपाध्यक्ष भगवान सिंह पाल और रुस्तम सिंह पाल ने थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही समाज द्वारा सम्मेलन में पधारे सभी अतिथियों और जनप्रतिनिधियों का भी स्वागत व सम्मान किया गया।

### 23 अप्रैल को निकलेगी भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा

**गुना।** कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त के प्रकट उत्सव के पावन अवसर पर इस वर्ष भी शहर में एक भव्य और आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 23 अप्रैल (गुरुवार) को आयोजित होने वाला यह धार्मिक उत्सव पूरे श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति के अनुसार, शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 4:00 बजे चित्रगुप्त मंदिर से होगा।

## उपराष्ट्रपति ने किया ज्योतिषाचार्य नरेश शर्मा की पुस्तकों का विमोचन

नवभारत न्यूज

**राधौगढ।** विजयपुर नेशनल फर्टीलाईजर के प्रसिद्व ज्योतिष आचार्य नरेश कुमार शर्मा एवं उनके सहयोगी डॉ आशा त्यागी द्वारा भारतीय ज्योतिष एवं पंचाग तथा काल च्रक पर आधारित लिखित पुस्तिका का मेरठ स्थित आई आई एम टी विश्वविघालय में आयोजित दींक्षात समारोह में भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने भव्य समारोह के बीच विमोचन किया। आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति द्वारा उन्हे ''ज्योतिषी संवाद'' के लिये राष्ट्रपति भवन मे आमंत्रित भी किया है।





दरअसल राधौगढ के समीप एनएफएल स्थित टाउनशिप में निवासरत प्रसिद्व ज्योतिषचार्य नरेश कुमार शर्मा एवं उनके सहयोगी डॉ आशा त्यागी द्वारा भारतीय ज्योतिष एवं कालचक्र पर लिखित दो अलग-अलग पुस्तकों का मेरठ स्थित आई. आई. एम. टी. विश्वविघालय में तमाम अतिथियों के बीच 21 अप्रेल को आयोजित भव्य समारोह में भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने विश्वविघालय के कुलाधिपति योगेश मोहन गुप्ता , उपकुलपति दीपा शर्मा एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं विश्व विघालय के डायरेक्टर मंयक अग्रवाल सहित कई हस्तियों के बीच विश्व विघालय के दीक्षांत समारोह में पुस्तकों का विमोचन किया और भारतीय ज्योतिष एवं कालचक्र पर कि गई रचना की सरहाना की। साथ ही ज्योतिषी नरेश कुमार शर्मा को दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में ज्योतिष संवाद के लिये आमंत्रित किये है। यहॉ राधौगढ-विजयपुर के लिये ही नही बल्कि प्रदेश के लिये गौरव की बात मानी जा रही है कि महामहिम उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा ज्योतिष संवाद के लिये उन्हे आमत्रिंत किया है।

# कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**गुना। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 6 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गुना जिले का नाम प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दर्ज कराया है।**





जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में नितिन जाट (पुत्र विश्ववीर सिंह जाट) और वेद रघुवंशी (पुत्र राजीव रघुवंशी) ने 495-495 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं, आर्या शर्मा (पुत्री प्रशांत शर्मा) ने 491 अंक अर्जित कर प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया। इन सभी होनहार विद्यार्थियों को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं की परीक्षा में भी जिले की बेटियों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। गणित संकाय की छात्रा धाणी बंसल (पुत्री संतोष बंसल) ने 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। इसी तरह कला संकाय से कृष्णा धाकड़ (पुत्री रामेश्वर धाकड़) और गायत्री राजपूत (पुत्री संतोष राजपूत) ने 484-484 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में छठवां स्थान अर्जित किया। इन छात्राओं को भी उनकी इस बड़ी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

**अभिभावक और शिक्षक रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, सहायक संचालक प्रेरणा गुप्ता, प्राचार्य डाइट एस.के. वशिष्ठ, एपीसी समग्र शिक्षा एस.के. शिवहरे, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय गुना एच.एन. जाटव, प्राचार्य सांदीपनी फतेहगढ़ भगवत ओझा और निर्भय सक्सेना सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। प्रशासन ने इस सफलता को जिले के शैक्षणिक वातावरण के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी से रंगदारी और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार





**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत चांचौड़ा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बीनागंज क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ रंगदारी और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में फरियादी राघवेंद्र पुत्र दशरथ सिंह शिवहरे, निवासी वृंदावन कॉलोनी बीनागंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी भगवानदास पेट्रोल पंप पर कार्यरत है। रिपोर्ट के अनुसार, 19-20 अप्रैल की दरमियानी रात लगभग 1 बजे ग्राम कांकरया निवासी अनिल मीणा और ग्राम नलखेड़ा निवासी छोटू मीणा मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर पहुंचे। आरोपियों ने फरियादी से अवैध रूप से शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब राघवेंद्र ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ बेल्ट और लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नीरज राणा और बीनागंज चौकी प्रभारी अजयप्रताप सिंह ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### स्टेट लेवल एबाकस प्रतियोगिता में गुना के बच्चों का दबदबा

**गुना।** गुना की मनीषा एबाकस क्लासेस के विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ट्रॉफियों की झड़ी लगा दी है। देवास में आयोजित ऑफलाइन स्टेट लेवल परीक्षा और हालिया ऑनलाइन परीक्षा में संस्थान के बच्चों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है।

4 जनवरी को देवास में हुई ऑफलाइन परीक्षा में संस्थान के 28 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 10 बच्चों ने ट्रॉफी जीतकर जीत का परचम फहराया। इसमें सात्विक बिंदल और रियान्शी बिंदल ने गोल्ड ट्रॉफी जीतकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।





## 15 वर्ष से पुराने वाहनों पर कार्रवाई, बस की जब्त

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और नियमबद्ध बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं यातायात डीएसपी मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्यवाही मुख्य रूप से 15 वर्ष से अधिक पुराने और नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के विरुद्ध की गई। अभियान के दौरान बस स्टैंड पर खड़ी लगभग 15 यात्री बसों की सघन जांच की गई। इस दौरान बस क्रमांक एमपी 08/0506 निर्धारित आयु सीमा से अधिक पुरानी पाई गई, जो मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का खुला उल्लंघन कर रही थी। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए इस बस को जब्त कर यातायात थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। जांच के दौरान कई अन्य बसों में परमिट, बीमा, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाणपत्र से संबंधित कमियां पाई गईं। इन वाहन स्वामियों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए कि यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखे जाएं।

**अभियान** — जयस्तंभ से बजरंगगढ़ रोड तक चला सफाई अभियान

# यातायात व्यवस्था : अतिक्रमण पर प्रशासन का कड़ा प्रहार

**गुना। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने आज एक बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह कार्यवाही शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग जयस्तंभ चौराहे से लेकर बजरंगगढ़ रोड ओवरब्रिज ( फ्लाईओवर ) तक व्यापक स्तर पर की गई।**



अभियान के दौरान टीम ने सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से फैलाए गए सामान, ठेले और अन्य सामग्रियों को हटवाया। मार्ग बाधित करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए मौके पर ही चालानी कार्यवाही की गई, जिसके तहत कुल 8,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। विशेष रूप से फ्लाईओवर के नीचे सड़क पर रखे गए सामान को टीम ने जब्त कर लिया और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक प्रकरण दर्ज किए।

संयुक्त टीम ने सभी व्यापारियों और दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में सार्वजनिक स्थानों या सड़क की सीमा में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि शहर के यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए अब इस प्रकार की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब और भी कठोर वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

**सुगम यातायात के लिए प्रशासन मुस्तैद**

यह अभियान आम नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन की एक महत्वपूर्ण पहल है। अधिकारियों ने व्यापारियों और आमजन से अपील की है कि वे सड़क एवं फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त रखकर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

इस कार्यवाही से व्यस्ततम मार्गों पर यातायात के दबाव में कमी आने और पैदल चलने वालों को सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## भारतवर्ष की एकता अखंडता के लिए अवतरित हुए थे शंकराचार्य

**गुना।** आघ शंकराचार्य जी की जयंती पर शहर में चिंतन गोष्ठी एवं कार्यक्रम संपन्न हुए। चिंतन मंच के तहत विराट हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में हुई विचार गोष्ठी में विराट हिउस के अध्यक्ष कैलाश मंथन ने कहा कि शंकराचार्य ने अवतरित होकर सनातन धर्म की रक्षा की, भारत की एकता अखंडता के लिए देश के चारों कोनों में चार प्रधान मठ स्थापित किए और समग्र देश में नवयुग स्थापित कर दिया। 32 वर्ष की अल्प आयु में ही उनको भारत के आध्यात्मिक एवं धार्मिक क्षेत्र में जगद्गुरू की उपाधि प्रदान की गई। शंकराचार्य के आविर्भाव और तिरोभाव के बारे में अनेकों मत हैं। इनका अविर्भाव छठवीं से नौवीं शताब्दी के मध्य विभिन्न शोधकर्ता मानते हैं। एक मत यह भी है कि शंकराचार्य 788 ई. में अविर्भूत होकर 32 वर्ष की अवस्था में अर्थात 820 ई. में तिरोहित हुए।आजकल अधिकांश लोग इसी मत को मानते हैं।श्री शंकराचार्य का जन्म केरल प्रदेश के पूर्णानदी के तटवर्ती कलादी नामक गांव में बैशाख शुक्ल 5 को विद्वान और धर्मनिष्ठ ब्राह्मण शिवगुरु के यहां हुआ था। उनकी माता सुभद्रादेवी अत्यंत विदुषी थीं।

### भारतीय मजदूर संघ ने ज्ञापन सौंपा

**सागर 21 अप्रैल.** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया एवं जिला मंत्री दीपक मिश्रा ने मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा. ज्ञापन सौंपते हुए संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो कर्मचारी भोपाल स्थित भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में एकत्र होकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे.